**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 07.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **साइबर अपराध से बचाव हेतु थाना पैलानी व चिल्ला पुलिस का जनजागरूकता अभियान — डिजिटल सुरक्षा पर दिया गया विशेष संदेश।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह के पर्यवेक्षण में थाना पैलानी व थाना चिल्ला जनपद बांदा द्वारा "साइबर अपराध जागरूकता अभियान" चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने क्षेत्र के बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर आमजन, एवं व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया। जनता को बताया गया कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, QR कोड, ई-मेल या सोशल मीडिया मैसेज के माध्यम से बैंक विवरण या OTP साझा न करें। किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी अथवा साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। पुलिस टीमों द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, एवं बच्चों हेतु हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई तथा लोगों को सतर्कता एवं जागरूकता के माध्यम से साइबर अपराध पर नियंत्रण हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान पोस्टर, बैनर के माध्यम से जनजागरूकता संदेश दिए गए — "सावधानी ही सुरक्षा है, साइबर सतर्कता अपनाएँ।"